प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

जीएस.टी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वित्त मंत्रालय 54 उत्पादों की कीमतों पर कड़ी नज़र रख रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संशोधित कर ढांचे का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। कल नई दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इन जीएसटी सुधारों का कार्यान्वयन लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद के बीच सहयोग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है।

जीएसटी लाभार्थी

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जी.एस.टी. सुधारों को फायदेमंद बताया है। चंबा में व्यापारियों ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जी.एस.टी कम होने से इस त्यौहारी सीजन में उनके व्यवसाय में बढोतरी होने से वे काफी उत्साहित है।

दीपावली

दीपावली पर्व को लेकर प्रदेश के बाजारों में खूब रौनक देखने को मिल रही है और लोग मिट्ठाईयों, उपहारों और अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

इधर हमारे चंबा जिला संवाद्दाता विकास ठाकुर ने बताया कि जिला के बाजारों में भी खूब रौनक है इस दौरान दुकानों में सजावट के लिए काफी आकर्षक सामान मौजूद है जिसे लोग पसंद कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार दीपावली को लेकर काफी संख्या में लोग खरीददारी करने पहुँच रहे हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये त्योहार हर घर में खुशियां , उमंग और समृद्धि लेकर आयेगा।

इससे पहले कल धनतेरस के अवसर पर प्रदेश मे लोगों ने वाहन, सोने चांदी के आभूषणों सहित बर्तनों की जमकर खरीददारी की जिससे प्रदेश में करोड़ों रूपये के कारोबार का अनुमान है।

अतिरिक्त बस

हिमाचल पथ परिवहन निगम त्योहारी सीजन के मद्देनजर बाहरी राज्यों से त्यौहार मनाने लौट रहे प्रदेश के लोगों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बस सेवाएं संचालित कर रहा हैं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए ये अतिरिक्त बसें अपनी सेवाएं दे रही हैं। इधर अग्निशमन विभाग ने इस मौके पर एडवायजरी जारी करते हुए लोगों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए पटाखे खुली जगह पर चलाने और इमारतें वाहनों व ज्वलनशली पदार्थों से दूर रहने की अपील की है। वहीं दूसरी ओर खाद्य सुरक्षा विभाग से प्रदेशवासियों से मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता व सुरक्षा के प्रति विशेष सर्तकता बरतने की अपील की है।

डॉ. जितेंद्र सिंह

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि दवा और बायोटेक्नॉलोजी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा नेफिथ्रोमाइसिन विकसित कर ली है। नई दिल्ली में कल तीन दिवसीय चिकित्सा कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि यह दवा प्रतिरोधी श्वसन संक्रमणों को समाप्त करने के लिए प्रभावी है। उन्होंने बताया कि यह दवा विशेष रूप से कैंसर रोगियों और अनियंत्रित मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक है। हीमोफीलिया के उपचार में जीन थेरेपी के सफल स्वदेशी नैदानिक परीक्षण की भी उन्होंने जानकारी दी।